

नन्हा भगोड़ा खरगोश

मारगेरेट वाईज ब्राउन

THE RUNAWAY BUNNY

Margaret Wise Brown

नव जनवाचन आंदोलन

इस किताब का प्रकाशन भारत ज्ञान विज्ञान समिति ने 'सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट' के सहयोग से किया है। इस आंदोलन का मकसद आम जनता में पठन-पाठन संस्कृति विकसित करना है।

Publication and Distribution
Bharat Gyan Vigyan Samiti
Basement of Y.W.A. Hostel No. II, G-Block, Saket , New Delhi - 110017
Phone : 011 - 26569943, Fax : 91 - 011 - 26569773
Email : bgvs_delhi@yahoo.co.in, bgvsdelhi@gmail.com

BGVS JUN 2007 2K 2000 NJVA 0002/2007

नन्हा भगोड़ा खरगोश	**The Runaway Bunny**
मारगेरेट वाईज ब्राउन	***Margaret Wise Brown***
हिंदी अनुवाद	***Hindi Translation***
अरविंद गुप्ता	Arvind Gupta
कॉपी संपादक	***Copy Editor***
राधेश्याम मंगोलपुरी	Radheshyam Mangolpuri
रेखांकन	***Illustration***
(क्लेमेंट हर्ड के मूल चित्रों पर आधारित)	(Based on Original Pictures of Clement Hurd)
ज्योति हिरेमठ	Jyoti Hiremath
ग्राफिक्स	***Graphics***
अभय कुमार झा	Abhay Kumar Jha
कवर	***Cover***
गॉडफ्रे दास	Godfrey Das
दूसरा संस्करण	***Second Edition***
मार्च 2008	March 2008
सहयोग राशि	***Contributory Price***
20 रुपये	Rs. 20.00
मुद्रण	***Printing***
अवनीत ऑफसेट प्रेस	Avneet Offset Press
दिल्ली - 110 032	Delhi - 110 032

नन्हा भगोड़ा खरगोश

एक नन्हा-सा खरगोश घर छोड़कर भागना चाहता था। उसने अपनी मां से कहा, "मैं घर छोड़कर जा रहा हूं।"



THE RUNAWAY BUNNY

Once there was a little bunny who wanted to run away. So he said to his mother, "I am running away."

"अगर तुम घर छोड़कर जाओगे," उसकी मां ने कहा, "तो मैं भी तुम्हारे पीछे-पीछे आऊंगी, क्योंकि तुम मेरे लाडले बेटे जो हो!"



"If you run away," said his mother, "I will run after you. For you are my little bunny."

"अगर तुम मेरे पीछे-पीछे आओगी," नन्हें खरगोश ने कहा, "तो मैं मछली बन जाऊंगा और नदी में तैरकर तुमसे दूर चला जाऊंगा।"

"If you run after me," said the little bunny, "I will become a fish in a trout stream and I will swim away from you."

"अगर तुम मछली बनकर नदी में तैरोगे," खरगोश की मां ने कहा,
"तो मैं मछुआरा बनकर जाल में तुम्हें पकड़ने आऊंगी।"



"If you become a fish in a trout stream," said his mother,
"I will become a fisherman and I will fish for you."



"अगर तुम मछुआरा बनोगी," नन्हें खरगोश ने कहा,
"तो मैं पहाड़ की ऊंची चोटी पर एक पत्थर बन जाऊंगा।"

"If you become a fisherman," said the little bunny,
"I will become a rock on the mountain, high above you."

"अगर तुम पहाड़ की चोटी पर एक पत्थर बनोगे,"
खरगोश की मां ने कहा,
"तो मैं पर्वतारोही बन जाऊंगी और पहाड़ पर
चढ़कर तुम्हारे पास आऊंगी।"



"If you become a rock on the mountain
high above me," said his mother,
"I will be a mountain climber,
and I will climb to where you are."

“अगर तुम पर्वतारोही बनकर मेरा पीछा करोगी,”
नन्हें खरगोश ने कहा,
“तो मैं फूल बनकर बाग में छिप जाऊंगा।”

“If you become a mountain climber,”
said the little bunny,
“I will be a crocus in a hidden garden.”

"अगर तुम बाग में फूल बनकर
छिपोगे," खरगोश की मां ने कहा,
"तो मैं माली बनकर तुम्हें खोजूंगी।"

"If you become a crocus in a hidden garden,"
said his mother,
"I will be a gardener.
And I will find you."

"अगर तुम माली बनकर मुझे ढूंढ़ोगी,"
नन्हें खरगोश ने कहा,
"तो मैं चिड़िया बनकर तुमसे बहुत दूर उड़ जाऊंगा।"

"If you are a gardener and find me,"
said the little bunny,
"I will be a bird and fly away from you."

"अगर तुम चिड़िया बनकर मुझसे दूर उड़कर जाओगे," खरगोश की मां ने कहा, "तो मैं पेड़ बन जाऊंगी जहां तुम शाम को आकर सुस्ता सको।"



"If you become a bird and fly away from me," said his mother, "I will be a tree that you come home to."

“अगर तुम पेड़ बनोगी,” नन्हें खरगोश ने कहा, “तो फिर मैं नाव बनकर तुमसे बहुत-बहुत दूर चला जाऊंगा।”



“If you become a tree,”
said the little bunny,
“I will become a little sailboat,
and I will sail away from you.”

"अगर तुम नाव बनकर मुझसे बहुत-बहुत दूर जाओगे,"
खरगोश की मां ने कहा,
"तो मैं हवा का झोंका बन जाऊंगी।
मैं अपनी मर्जी से तुम्हें जहां चाहूं
तुम्हें वहां बहाकर ले जाऊंगी।"



"If you become a sailboat and sail away from me,"
said his mother, "I will become the wind
and blow you where I want you to go."

"अगर तुम हवा बनकर मुझे बहाकर ले जाओगी,"
नन्हें खरगोश ने कहा,
"तो मैं सर्कस का मदारी बन जाऊंगा और ऊंचे
झूलों से झूलूंगा।"



"If you become the wind and blow me,"
said the little bunny, 'I will join a circus
and fly away on a flying trapeze."

"अगर तुम सर्कस में ऊंचे झूलों पर झूलोगे,"
खरगोश की मां ने कहा,
"तो मैं नट बनकर तनी रस्सी पर चलती हुई
हवा में तुम्हारे पास पहुंचूंगी।"



"If you go flying on a flying trapeze,"
said his mother,
"I will be a tightrope walker,
and I will walk across the air to you."



"अगर तुम नट बनकर तनी रस्सी पर हवा में चलोगी,"
नन्हें खरगोश ने कहा,
"तो मैं एक छोटा लड़का बनकर
घर की ओर दौड़ लगाऊंगा।"



"If you become a tightrope walker
and walk across the air," said the little bunny,
"I will become a little boy and run into a house."

“अगर तुम नन्हें लड़के जैसे घर की ओर दौड़ोगे,”
खरगोश की मां ने कहा,
“तो मैं तुम्हारी मां बनकर तुम्हें पकड़ूंगी
और अपने गले से लगा लूंगी।”



“If you become a little boy
and run into a house,” said the mother bunny,
“I will become your mother and catch you
in my arms and hug you.”



"इससे तो अच्छा होगा," नन्हें खरगोश ने कहा,
"कि मैं आराम से अपनी मां के साथ घर पर ही रहूं।"

"Shucks" said the little bunny, "I might just as well stay where I am and be your little bunny."

और नन्हें खरगोश ने वैसा ही किया।
"लो एक गाजर खाओ,"
नन्हें खरगोश की मां ने उससे कहा।

And so he did.
"Have a carrot,"
said the mother bunny.

नव जनवाचन आंदोलन

मां की ममता की एक बेजोड़ कहानी। जब खरगोश का बच्चा घर छोड़ने की धमकी देता है तो मां आखिरी दम तक अपने बेटे का पीछा करती है। नदी लांघकर, पहाड़ चढ़कर वह अपने बच्चे को वापस लाती है और गले लगाती है।

A lovely story of a mother's love for her child. The child threatens to run away. But the mother doesn't give up. She crosses rivers and climbs moutains. In the end she brings her child home and claspes him to her bosom.

भारत ज्ञान विज्ञान समिति